'निदेशक'


# बीएसई को साइबर सिक्योरिटी देगा आईआईटी

कानपुर, जागरण संवाददाता : बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की साइबर सिक्योरिटी को अब आईआईटी कानपुर फुलप्रूफ बनाएगा। बीएसई के साइबर डोमेन की सुरक्षा बढ़ाने को आईआईटी ने बुधवार को एमओयू साइन किया। आईआईटी निदेशक प्रो. इंद्रानिल मन्ना व बीएसई के एमडी व सीईओ आशीष कुमार चौहान ने इस करार पर हस्ताक्षर किए।

बीएसई की साइबर सिक्योरिटी के लिए अब आईआईटी फ्रेम वर्क तैयार करने जा रहा है। यह फ्रेम वर्क आईआईटी के साइबर सिक्योरिटी सेंटर में तैयार किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत होने वाले शोध कार्यों में वरिष्ठ प्रोफेसरों के अलावा रिसर्च स्कॉलर भी शामिल होंगे। एमओयू साइन करने के दौरान बीएसई के एमडी व सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि इसका लाभ सभी ट्रेडिंग सदस्यों को मिलेगा। यह करार वित्तीय बाजार के लिए फायदेमंद साबित होगा।

## सेटअप की स्टडी करेगा आईआईटी

आईआईटी निदेशक प्रो. इंद्रानिल मन्ना ने बताया कि यहां हाल में साइबर सिक्योरिटी केंद्र स्थापित किया गया है। यहां नेटवर्किंग, साइबर सिक्योरिटी, मशीन लर्निंग, क्रिप्टोग्राफी, व डाटा मिनिंग के क्षेत्र में शोध करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। आईआईटी प्रोफेसर व प्रोजेक्ट में शामिल डा. मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि बीएसई के लिए फुलप्रूफ साइबर सिक्योरिटी विकसित करने के लिए वहां के सेटअप को स्टडी किया जाएगा। इस संबंध में बीएसई के अधिकारी जल्द ही आईआईटी आएंगे। आईआईटी प्रोफेसर समय समय पर बीएसई की साइबर सिक्योरिटी का जायजा लेते रहेंगे।




◆ आईआईटी कानपुर के साइबर सिक्योरिटी सेंटर पर होगी रिसर्च

### यह मिलेगा लाभ

- वित्तीय बाजारों में साइबर सुरक्षा अनुसंधान के लिए सहयोग
- साइबर सिक्योरिटी से संबंधित भविष्य की चुनौतियों का समाधान
- साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए होने वाले शोध से उपकरण विकसित होंगे
- नेटवर्क की कमजोरियों का परीक्षण करके उन्हें पकड़ा जा सकेगा

## उप्र पुलिस को भी साइबर सिक्योरिटी देगा आईआईटी

बांबे स्टॉक एक्सचेंज से पहले आईआईटी कानपुर ने उत्तर प्रदेश पुलिस को साइबर सिक्योरिटी देने के लिए पिछले दिनों बैठक की थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने आईआईटी निदेशक के साथ बैठक कर अपनी जरूरतें बताई थीं। इस क्षेत्र में भी आईआईटी काम कर रहा है। जल्द ही उप्र पुलिस के आला अधिकारियों के साथ आईआईटी प्रशासन की दूसरी बैठक होने की संभावना है।

दैनिक जागरण 04-08-2016

# साइबर सुरक्षा को लेकर मुंबई स्टॉक एक्सचेंज और आईआईटी के बीच करार

कानपुर, 3 अगस्त। साइबर डोमेन में बीएसई की सुरक्षा और रिसर्च को लेकर मुंबई स्टॉक एक्सचेंज और आईआईटी कानपुर के बीच एक एमओयू साइन हुआ। इसमें आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. इन्द्रनील मन्ना और बीएसई, मुंबई स्टॉक एक्सचेंस के एमडी एडं सीईओ आशीष कुमार चौहान ने हस्ताक्षर किये। समझौते के तहत साइबर डोमेन में बीएसई की सुरक्षा, रिसर्च पर वर्क होगा और शेयर मार्केट में सेन्सेक्स को साइबर हमले से सुरक्षा के साथ चुनौतियों पर कार्य होगा। बीएसई, मुंबई स्टॉक एक्सचेंस, सीएमडी आशीष चौहान ने कहाकि शेयर मार्केट में ट्रेडिंग सदस्यों के लिए टेक्नोलाजी प्रोग्राम के तहत साइबर सुरक्षा पर चर्चा हुई। कार्पोरेट टेक्नोलाजिकल में सेफ्टी व सिक्योरिटी जरुरी है, जो आईआईटी कानपुर साइबर सिक्योरिटी पर रिसर्च करेगा, त ा ि क फाइनेंसियल मार्केट में रिसर्च से लाभ मिल सके। दोनों बीच एक समझौते के तहत करार हुआ। शेयर मार्केट के लिए नये टूल्स, मेथर्ड पर काम होगा। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. इन्द्रनील मन्ना ने बताया कि कैंपस में साइबर सिक्योरिटी के लिए नया सेंटर स्थापित किया गया है। इसमें कप्यूटर साइंस के अलावा नेटवर्किंग, साइबर सिक्योरिटी, क्रिप्टोग्राफी, मशीन लर्निंग एडं डाटा मिनिंग, फार्मल मैथडर्स, कम्प्यूटर आर्किटेक्चर एडं सिस्टम डिजाइन, डाटाबेस आदि शामिल है। समझौते के तहत आईआईटी कानपुर फाइनेंशियल सेक्टर पर वर्क कर नये इनोवेशन करेगा।

**एमओयू के मुख्य बिन्दु....**

- फाइनेंशियल मार्केट में साइबर सुरक्षा पर शोध
- वर्तमान पर भविष्य में साइबर सुरक्षा पर नजर
- साइबर सिक्योरिटी पर टूल्स, बीएसई से संबंधित मुद्दे

आज 04-08-2016

# आईआईटी में साइबर सिक्योरिटी प्रतियोगिता

**कानपुर।** छात्रों के स्तर से संचालित साइबर सिक्योरिटी गेम्स (हैकर्स और प्रोटेक्टर्स) इस बार आईआईटी कानपुर और दुबई में भी होगा। इसका विस्तार अब भारत, मध्य एशियाई देशों और उत्तरी अमेरिका तक किया गया है। यह प्रतियोगिता का फाइनल आईआईटी कानपुर में होगा जिसमें भारत, मध्य एशियाई देश, उत्तरी अमेरिका और अमेरिका के फाइनल में पहुंचे प्रतिभागी एकसाथ भाग ले सकेंगे। इससे पहले साइबर सिक्योरिटी सप्ताह भी मनाया जाएगा।

# आईआईटी-के का बीएसई से समझौता

**कानपुर।** आईआईटी, कानपुर और मुंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के बीच बुधवार को आपसी सहमति के पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। बीएसई के एमडी व सीईओ आशीष कुमार चौहान और आईआईटी निदेशक प्रोफेसर इन्द्रनील मन्ना ने कहा कि इस समझौते से स्टॉक एक्सचेंज से जुड़ा व्यापार अधिक सुरक्षित हो सकेगा।

हिन्दुस्तान 04-08-2016

# हैकरों से बीएसई को बचाएगा आईआईटी कानपुर

## बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और आईआईटी कानपुर के बीच समझौता

अमर उजाला ब्यूरो

**फाइनेंशियल साइबर सिक्योरिटी को मजबूत बनाएगा आईआईटी**

**आईआईटी कैंपस में साइबर सिक्योरिटी सेंटर खुला, कंसल्टेंसी भी दी जाएगी**

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर ने फाइनेंशियल साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में बुधवार को बड़ा कदम उठाया और मुंबई में बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से समझौता किया। बीएसई के प्रबंधक निदेशक आशीष कुमार सिंह और आईआईटी के निदेशक प्रो. इंद्रनील मन्ना ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया। साथ ही कहा कि यह समझौता कॉरपोरेट टेक्नोलॉजिकल रिस्पांसबिलिटी के तहत किया गया है। अब बीएसई को आईआईटी कानपुर के एक्सपर्ट टेक्निकल सपोर्ट देंगे।



आईआईटी निदेशक प्रो. इंद्रनील मन्ना (दाएं) और बीएसई के प्रबंधक निदेशक आशीष कुमार सिंह।

आईआईटी कानपुर साइबर सिक्योरिटी का नया सेंटर बनाया गया है। इसकी मदद से फाइनेंशियल मार्केट में साइबर सिक्योरिटी को बढ़ाया जाएगा।

आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. इंद्रनील मन्ना ने बताया कि नए सेंटर में मशीन लर्निंग, डाटा माइनिंग, कंप्यूटर आर्किटेक्चर, सिस्टम डिजाइन, डाटा बेस और नंबर थ्योरी पर काम चल रहा है। यह प्रोग्राम नेटवर्किंग सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। इसकी मदद से फाइनेंशियन सिक्योरिटी अभेद बनाया जाएगा। इसके एक्सपर्ट आईआईटी कानपुर में अच्छे हैं। कंप्यूटर सिक्योरिटी का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार तक मिला है। अब फाइनेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर को कंसल्टेंसी भी दी जा सकती है। बीएसई के साथ समझौता आईआईटी कानपुर की बड़ी उपलब्धि है।

### ये होंगे मुख्य काम



- फाइनेंशियल मार्केट के साइबर सिक्योरिटी पर रिसर्च और समन्वय।
- वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों के हिसाब से साइबर सिक्योरिटी का विकास।
- बीएसई को साइबर सिक्योरिटी से संबंधित सलाह देंगे आईआईटी के एक्सपर्ट।
- साइबर सिक्योरिटी का दायरा बढ़ाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।
- बीएसई के आईटी सिस्टम और नेटवर्क की टेस्टिंग भी होगी।
- सिक्योरिटी ऑपरेशन की गाइडलाइंस जारी की जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के फाइनल में आईआईटीयन

कानपुर (ब्यूरो)। साइबर सिक्योरिटी के अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आईआईटी कानपुर के स्टूडेंटों ने बाजी मारी है। प्रारंभिक मुकाबला जीतकर फाइनल में जगह बना लिया। साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस सप्ताह के तहत न्यूयार्क यूनिवर्सिटी अमेरिका ने यह आयोजन किया था। अब 10, 11 और 12 नंबर को फाइनल मुकाबला होगा। आईआईटी के निदेशक प्रो. इंद्रनील मन्ना ने बताया कि 2020 तक साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल की डिमांड बढ़ेगी। इस चुनौती को आईआईटी कानपुर ने स्वीकार किया है। अब साइबर सिक्योरिटी में अंतरराष्ट्रीय छाप छोड़ने की कवायद चल रही है। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के प्रो. मणींद्र अग्रवाल को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है।

अमर उजाला 04-08-2016

# IIT-K signs MoU with BSE

TIMES NEWS NETWORK

**Kanpur:** IIT Kanpur, on Wednesday, signed a Memorandum of Understanding (MoU) with the Bombay Stock Exchange (BSE), Mumbai to help enhance security of BSE in cyber domain.

Ashish Kumar Chauhan, MD and CEO, BSE said, "This collaboration with IIT-K is a step towards developing cyber security research for the benefit of financial markets."

Director, IIT-K Indranil Manna said that IIT-K has recently established a new centre for cyber security which is engaged in developing cutting edge cyber security technologies. Key highlights of MoU will be cooperation for cyber security research in financial markets, developing an environment to deal with current and future cyber security, develop tools to strengthen cyber security and advise BSE in its cyber related issues, assist BSE in testing its vulnerabilities in IT system and network and forming guidelines and auditing security operations, he said.

The Times of India 04-08-2016

# IIT-Kanpur to provide cyber security expertise to BSE

**NEW DELHI:** Leading stock exchange BSE on Wednesday signed an agreement with Indian Institute of Technology (IIT) Kanpur for collaboration in the areas including cyber security.

The key highlights of the MoU, include cooperation for cyber security research in financial markets, developing an environment to deal with cyber security challenges and tools to strengthen cyber security as also to advise BSE in its cyber related issues.

"BSE today entered into a Memorandum of Understanding (MoU) with the renowned Indian Institute of Technology, Kanpur," the exchange said in a release.

Among others, the institute will assist BSE in testing its vulnerabilities in IT system and network and help forming guidelines and auditing security operations.

"BSE has an onus to create comprehensive robust and resilient cyber security framework. IIT Kanpur is India's leading academic institute in computer science. A research tie-up with them will enhance the academic–corporate collaboration," Ashish Kumar Chauhan, MD and CEO of BSE said.

"I hope this research tie-up will yield excellent results for Indian financial system in cyber security hence I invite other financial institutions to join this research initiative to make it more comprehensive and effective," he added. PTI

Hindustan Times 04-08-2016